| 6 | कोटाबाग | 37 | 57 | 94 | 06 | 15 | 21 | – | – | – | 03 | 02 | 05 | 19 | 13 | 32 | 01 | 02 | 03 |
| 7 | हल्द्वानी | 20 | 29 | 49 | 11 | 11 | 22 | – | – | – | 02 | – | 02 | 03 | 02 | 05 | 07 | 04 | 11 |
| 8 | रामनगर | 101 | 82 | 183 | 48 | 39 | 87 | 07 | 10 | 17 | 08 | 05 | 13 | 10 | 30 | 40 | 01 | 02 | 03 |
| | योग ग्रामीण | 256 | 482 | 738 | 110 | 177 | 287 | 07 | 10 | 17 | 15 | 11 | 26 | 32 | 45 | 77 | 19 | 22 | 41 |
| 1 | नगर नैनीताल | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 2 | नगर भवाली | – | – | – | | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 3 | नगर हल्द्वानी | 33 | 18 | 51 | 11 | 05 | 16 | – | – | – | 06 | 06 | 12 | 04 | 03 | 07 | – | – | – |
| 4 | नगर रामनगर | 14 | 09 | 23 | 01 | – | 01 | – | – | – | 04 | 03 | 07 | 02 | 07 | 09 | 05 | 01 | 06 |
| | योग नगर | 47 | 27 | 74 | 12 | 05 | 17 | – | – | – | 10 | 09 | 19 | 06 | 10 | 16 | 05 | 01 | 06 |
| | महा योग | 303 | 509 | 812 | 122 | 182 | 304 | 07 | 10 | 17 | 25 | 20 | 45 | 38 | 55 | 93 | 24 | 23 | 47 |
| | प्रतिशत | 1.05 | 1.98 | 1.49 | 1.80 | 3.03 | 2.38 | 3.43 | 6.17 | 4.64 | 1.29 | 1.12 | 1.21 | 1.10 | 1.86 | 1.46 | 22.85 | 23.23 | 23.03 |

स्रोत – कार्यालय स0 बे0 शि0 अ0 व नगर शि0 अ0, नैनीताल

जनपद में 11–14 वय वर्ग के कुल 54496 बच्चे हैं जिनमें से शालात्यागी बच्चों की संख्या 812 है जो कुल बच्चों का 1.49 प्रतिशत है अनु0 जाति, अनु0 जनजाति, पिछड़ी जाति, अल्पसंख्यक बालक–बालिकाओं का प्रतिशत क्रमशः 1.80, 3.03, 3.43, 6.17, 1.29, 1.12, 1.10 तथा 1.86 है। विकलांग बालक–बालिकाओं का प्रतिशत क्रमशः 22.85 तथा 23.23 है।

**विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्रों के विद्यालय स्तरीय सर्वेक्षण के आधार पर विद्यालय छोड़ने के प्रमुख कारण निम्नवत् हैं :-**

1. घरेलू कार्यों में भाग लेना
2. आर्थिक कारण
3. शिक्षा के प्रति अपेक्षित रूचि का अभाव
4. विकलांगता

वर्ष 93–94 से पूर्व जनपद में शालात्यागी बच्चों का प्रतिशत 12.7 था। वर्ष 93–94 से वर्ष 2000 तक जनपद में बेसिक शिक्षा परियोजना संचालित होने के फलस्वरूप वर्तमान में शालात्यागी बच्चों का प्रतिशत अति न्यून है।

विकास खण्डवार विद्यालय न जाने वाले

बालक - बालिकाओं का रेखांकन

कुल बालक / बालिकाओं सहित

अध्याय – 3

# नियोजन प्रक्रिया

नियोजन प्रक्रिया के तीन आयाम नीति निर्धारण, योजना क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण एवं मूल्यांकन हैं। जनपद की योजना के नियोजन हेतु आवश्यक है कि विगत में हुई उपलब्धियों के आधार पर वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन कर भविष्य की योजना का प्रारूप बनाया जाय।

जनपद नैनीताल में सभी के लिए शिक्षा परियोजना अन्तर्गत वर्ष 93 से 2000 तक उपलब्धियों का उल्लेख अध्याय–2 में किया गया है। वर्तमान में सर्व शिक्षा अभियान द्वारा सामुदायिक सहभागिता से प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए जनपद स्तर पर सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत एक सशक्त योजना बनाने की आवश्यकता है। इस अभियान में सामुदायिक सहभागिता सुनिश्चित करते हुए ग्राम तथा मजरे स्तर से योजना तैयार करायी गयी है। समुदाय द्वारा क्षेत्र की समस्याऐं रेखांकित की गई तथा उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये योजना निर्माण कर उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जायेगा ।

## 3.1 बालगणना

जनपद नैनीताल में वर्ष 2001 में बस्ती, तथा मजरे को इकाई मानते हुए बालगणना की गई तथा प्राप्त आंकडों को विकास खण्डवार जनपद स्तर पर संकलित किया गया। आंकडों के विश्लेषण से जनपद के लिये बेसिक शिक्षा की आवश्यकताओं के लिये ग्राम स्तर पर ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा प्रस्ताव भी पारित किये गये। जिन्हें वरीयता क्रम में जिला प्लान में समाहित किया गया। यह कार्य जून 2001 में प्रा0 वि0 के अध्यापकों एवं स0 वे0 शि0 अ0/प्रति उप वि0 निरीक्षक के माध्यम से कराया गया। विगत वर्षो में किये गये बेस लाइन सर्वेक्षण की भी सहायता ली गई।

## 3.2 स्कूल चलो अभियान

माह जुलाई 2001 मे विद्यालय न जाने वाले बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिये जनपद में विद्यालयवार स्कूल चलो अभियान की रैलियां, गोष्ठियों क

आयोजन किया गया। अपेक्षित सहयोग के लिये प्रयत्न किये गये। शिक्षक–अभिभावक गोष्ठियों से भी बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिलाया गया ।

## 3.3 सर्व शिक्षा अभियान हेतु अभिमुखीकरण प्रयास

सर्व शिक्षा अभियान में लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर चर्चा, स्कूली शिक्षा के संतोषजनक गुणवत्ता, धारण, शिक्षा में नवाचारों तथा सिविल कार्यों की पूर्ति हेतु दिनांक 5, 6 जुलाई 2001 में शिक्षा निदेशक श्री एम0 सी0 पंत की अध्यक्षता में रूलेक देहरादून में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें उत्तरांचल के संयुक्त शिक्षा निदेशक, डायट प्राचार्यों, जि0 बे0 शि0 अधिकारियों, स0 बे0 शि0 अधिकारियों, डायट प्रवक्ताओं आदि ने प्रतिभाग किया। संगोष्ठी का उद्देश्य उत्तरांचल राज्य में जन–जागरण कराना था। इसी से अभिप्रेरित और निर्देशित होकर दिनांक 6–8–2001 को डायट प्राचार्य भीमताल, नैनीताल द्वारा सर्व शिक्षा अभियान को गाँव–गाँव व प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में इसके लक्ष्य व उद्देश्यों को समझाने व उसके अनुसार कार्य करने हेतु पुनः संगोष्ठी /कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के जि0 बे0 शि0 अधिकारी स0 बे0 शि0 अ0, प्रति उप वि0 निरीक्षक, नगर शिक्षा अधिकारियों, बी0 आर0 सी0 एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयकों, एन0 जी0 ओ0 कार्य कर्ताओं, डायट प्रवक्ताओं ने प्रतिभाग किया। इस बैठक में सूचनाओं के प्रपत्रों पर चर्चा कर उनका निर्माण भी किया गया ताकि जनपद नैनीताल में सूचनाओं के संकलन में एकरूपता रहे। बैठक के सभी प्रतिभागियों को अपने–अपने स्तर से जनपद के प्रत्येक गाँव मजरा, बस्ती, मौहल्ला की शिक्षा से सम्बन्धित आवश्यकताओं को प्रमाण सहित चिन्हित कर दिनांक 20–8–2001 तक डायट भीमताल में जमा करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रतिभागियों से विशेष रूप में यह भी आग्रह किया गया कि आवश्यकताओं के चिन्हीकरण में ग्राम शिक्षा समिति के सदस्यों, वार्ड सदस्यों, अभिभावकों, समाज के प्रतिष्ठित व्यक्तियों व विशिष्ठ समूहों के मुख्याओं को निश्चित रूप में सम्मिलित किया जाय। बी0 आर0 सी0 स्तर पर 5–5 सदस्यों की भी टीमों का गठन किया गया।

उपरोक्त क्रम को आगे बढ़ाते हुए जनपद नैनीताल के आठों विकास खण्डों तथा नगर क्षेत्रों में शिक्षा समिति के सदस्यों, ब्लाक स्तरीय जन प्रतिनिधियों सी0 डी0 एस0 कार्य कर्ताओं आदि के सहयोग से सहायक बेसिक शिक्षा अधिकारियों व प्रति उप विद्यालय

निरीक्षकों द्वारा अभिमुखीकरण के लिए संगोष्ठियों का आयोजन किया। इसका उद्देश्य सर्व शिक्षा अभियान के लिए जन जागरण करना तथा ब्लाक स्तर पर शिक्षकों को सूचना प्रपत्रों में होने वाली संभाविक कठिनाइयों का निराकरण करना भी था। समयाभाव होने पर भी सभी का अच्छा सहयोग प्राप्त हुआ तथा जन प्रतिनिधयों एवं अभिभावकों को प्राथमिक शिक्षा में अपनी जिम्मेदारी का एहसास हुआ।

मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशन में एन0 एस0 डी0 ए0 आर टी0 मसूरी में जिला पर्सपैक्टिव प्लान के निर्माण हेतु 5 दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन दिनांक 28–08–2001 से दिनांक 15–09–2001 तक 3 चरणों में चलाया, जिसमें जि0 बे0 शि0 अधिकारियों, उप बे0 शि0 अ0, स0 बे0 शि0 अधिकारी, डायट के प्रवक्ताओं, तथा जनपद स्तर के सेवा निवृत अधिकारियों को संदर्भ व्यक्तियों के रूप में प्रशिक्षित किया गया व कुल 10 व्यक्तियों को जपपद नैनीताल के पर्सपैक्टिव प्लान के निर्माण हेतु प्रशिक्षित किया गया। दिनांक 20–09–2001 को डायट के प्राचार्य व जि0 वि0 नि0 तथा जि0 बे0 शि0 अ0 नैनीताल की सम्मिलित बैठक का आयोजन जू0 हा0 मल्लीताल, नैनीताल में किया। जिसमें आठ बी0 आर0 सी0 व डायट प्रवक्ताओं एवं संदर्भ व्यक्तियों ने प्रतिभाग किया ताकि सर्व शिक्षा अभियान में 0–6, 6–14, वय वर्ष के बच्चों के लिए प्राथमिक निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था जिला सूचनाओं के एकत्रीकरण में समरूपता हेतु 32 मुख्य प्रपत्रों को मुद्रित करवाकर जनपद नैनीताल के 2000 प्रा0 वि0, जू0 हाईस्कूल /इन्टर (बालक व बालिका) हेतु पहुँचाने की व्यवस्था की गई ।

विभिन्न तिथियों में 5–5 सदस्यों की ब्लाक स्तरीय कोर कमेटी के सहयोग से स0 बे0 शि0 अ0 व प्रति उप वि0 नि0 के संयोजकत्व में बैठक का आयोजन विकास खण्ड स्तर पर किया गया जिसमें एन0 एस0 डी0 ए0 आर0 टी0 से प्रशिक्षित प्रशिक्षकों व जिला संदर्भ व्यक्तियों ने प्रतिभाग दिनांक 24–09–2001 से 6–10–2001 तक किया। कार्यक्रम सारणी में वर्णित है।

इस प्रकार सम्पूर्ण जनपद की प्राथमिक विद्यालयों व उनके सेवित क्षेत्रों की सूचना 32 प्रपत्रों में ग्राम शिक्षा समितियों के माध्यन से पारित प्रस्तावों की प्रति सहित स्रोत के रूप में संकलित की गयी ।

जनपद नैनीताल बेसिक शिक्षा परियोजना से आच्छादित होने के कारण ई0 एम0 आई0 एस0 से प्राप्त आंकड़ों को भी वार्षिक पर्सपैक्टिव प्लान में आधार बनाया गया है तथा जनपद की वर्ष 2001–2002 की सामाजिक एवं भौगोलिक स्थितियों को शैक्षिक परिप्रेक्ष्य में देखते हुए किया गया है। जनपद में कुल 442 ग्राम शिक्षा समितियों द्वारा ग्राम सभावार विशिष्ट बस्तियों को ध्यान में रखते हुए सामुदायिक सहभागिता एवं महिला प्रतिभागिता के आधार पर सर्वशिक्षा अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सूचनाओं का संकलन किया गया।

जनपद के परिसीमन के आधार पर जिला निर्वाचन कार्यालय से परिसीमन समवन्धी आँकड़े तथा जनगणना निदेशालय लखनऊ से 2001 की जनसंख्या आँकड़ों को संकलित किया गया तथा विशिष्ठ समूहों के चयन हेतु जनपद स्तर से संदर्भ व्यक्तियों द्वारा बस्ती के प्रत्येक परिवार से व्यक्तिगत सम्पर्क भी किया गया।

## 3.4 सर्वशिक्षा अभियान में नियोजन स्तर

### जनपद स्तर

| | | |
|---|---|---|
| 1. | जिलाधिकारी नैनीताल – | अध्यक्ष |
| 2. | मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल– | उपाध्यक्ष |
| 3. | विशेषज्ञ बेसिक शिक्षा अधिकारी नैनीताल – | सदस्य / सचिव |
| 4. | जिला विद्यालय निरीक्षक नैनीताल – | सदस्य |
| 5. | जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल – | सदस्य |
| 6. | प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान भीमताल – | सदस्य |
| 7. | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नैनीताल – | सदस्य |
| 8. | अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग / ग्रामीण अभियंत्रण सेवा– | सदस्य |
| 9. | जिला कार्यक्रम अधिकारी, नैनीताल – | सदस्य |
| 10. | महिला सामख्या अधिकारी – | सदस्य |
| 11. | ब्लाक प्रमुख – | सदस्य |
| 12. | जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा नामित सदस्य – | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 13. | ज्येष्ठ प्रमुख दो जिसमें एक महिला अनु0 जाति – | सदस्य |
| 14. | जिला युवा कल्याण अधिकारी– | सदस्य |
| 15. | स्नातक/स्नाकोत्तर महाविद्यालयों के दो प्रवक्ता जो समाजशास्त्र तथा शिक्षा शास्त्र से संबंधित हो – | सदस्य |
| 16. | स्वयं सेवी संस्था के सदस्य – | सदस्य |
| 17. | जिला सूचना अधिकारी – | सदस्य |
| 18. | जिला क्रीड़ा अधिकारी – | सदस्य |
| 19. | अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान / जलनिगम | सदस्य |
| 20. | नगर प्रमुख – | सदस्य |
| 21. | नगर निगम/प्रमुख द्वारा नामित प्रत्येक नगरपालिका परिषद से | दो सदस्य |
| 22. | राज्य या राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त अध्यापक – | सदस्य |
| 23. | उप बेसिक शिक्षा अधिकारी – | सदस्य। |

## नगर शिक्षा समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष नगरपालिका परिषद – | अध्यक्ष |
| 2. | नगर शिक्षा अधिकारी – | सदस्य सचिव |
| 3. | अधिशासी अधिकारी नगर पालिका – | सदस्य |
| 4. | अध्यक्ष नगरपालिका परिषद द्वारा नामित – | दो सदस्य |
| 5. | उप जिला अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट – | उपाध्यक्ष (यदि ह |
| 6. | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक – | सदस्य |
| 7. | सहायक अभियन्ता जल संस्थान/विद्युत खण्ड – | सदस्य |
| 8. | जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा नामित सदस्य – | सदस्य |
| 9. | वरिष्ठ प्रधान अध्यापक उ0 प्रा0/प्राथमिक विद्यालय – | सदस्य |
| 10. | मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों की समिति के अध्यक्ष/मंत्री– | सदस्य |
| 11. | सहायक नगर शिक्षा अधिकारी | सदस्य |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | जनप्रतिनिधि /प्रभावी व्यक्ति | सदस्य |
| 13. | राजकीय इन्टर कालेजों के वरिष्ठ प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या | सदस्य |
| 14. | स्वयं सेवी संस्था के प्रतिनिधि – | एक सदस्य |
| 15. | डी0 डी0 एस0 पर्यवेक्षक– | सदस्य |
| 16. | महिला मंगलदल / संगठन – | सदस्य |

## ग्राम /वार्ड शिक्षा समिति

| | | |
|---|---|---|
| 1. | ग्राम प्रधान/वार्ड सभासद – | अध्यक्ष |
| 2. | वरिष्ठ प्रधानाध्यापक प्रा0 /उ0 प्रा0 | सदस्य सचिव |
| 3. | पुरूष अभिभावक (अनुसूचित जाति) | सदस्य |
| 4. | महिला अभिभावक (प्रतिनिधि सदस्य) | सदस्य |
| 5. | अध्यक्ष विद्यालय अभिभावक समिति | सदस्य |
| 6. | अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र/छात्रा की माता | सदस्य |
| 7. | न्यूनतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र/ छात्राओं का पिता | सदस्य |

महिला शिक्षा को प्रोत्साहन देने हेतु महिला समाख्या एवं बाल विकास का सहयोग लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त ग्राम्य विकास विभाग से स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता लायी गयी तथा एम0 टी0 ए0 के गठन की भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से समस्त बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण विद्यालय स्तर पर एक निर्धारित कार्यक्रमानुसार किया जायेगा जिसमें चिकित्साधिकारी, ए0एन0एम0 व फार्मासिस्ट का आवश्यक सहयोग लिया जायेगा। गम्भीर रूप से बीमार बच्चों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय को भेजा जायेगा ।

यथासम्भवतः बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण में एम0 टी0 ए0 का सहयोग लिया जायेगा और आवश्यकतानुसार मुख्य रोगों के निदान हेतु विकास खण्ड स्तर पर दवाइयों के रख–रखाव व प्रयोग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। इसके लिए आवश्यक वित्तीय व्यवस्था की जायेगी।

## विकास खण्ड स्तर

सर्वशिक्षा अभियान के द्रुत क्रियान्वयन एवं प्रचार प्रसार व अपेक्षित सामाजिक सहयोग हेतु 5–5 सदस्यीय ब्लाक स्तरीय कोर ग्रुप का गठन किया गया है स0 बे0 शि0 अ0, प्रति उप0 वि0 नि0 के संयोजकत्व में बी0 आर0 सी0 समन्वय, सह समन्वयक, वी0 आर0 सी0 के निकठतस्थ प्रा0 वि0 के महिला प्रधानाध्यापिका, विकास खण्ड शिक्षा समिति द्वारा नामित सदस्य को सम्मिलित किया गया है।

## विद्यालय स्तर

बी0 आर0 सी0 कोर गुप द्वारा समस्त प्रा0 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक के संयोजकत्व में विद्यालय कोर ग्रुप का गठन किया गया जिसमें ग्राम का बहुउद्देशीय कर्मी, ग्राम शिक्षा समिति के दो सदस्य एक महिला व एक पुरूष, तथा अनुसूचित जाति/जनजाति /पिछड़ी जाति की महिला अभिभावक को शामिल करने के लिए कहा गया है। यह भी प्रयास किया गया है कि आवश्यकतानुसार विद्यालय स्तर पर सदस्यों को प्राथमिक शिक्षा के विकास हेतु कम या अधिक किया जा सकता है।

## 3.5 योजना निर्माण के लिए आयोजित बैठकों का विवरण

| क्र0 सं0 | दिनांक | स्थान | प्रतिभागी | विचार विमर्श के मुददे |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 13.6.2001 | जि0बे0शि0अधिकारी कार्यालय नैनीताल | जि0 बे0 शि0 अधि0 स0 बे0 शि0 प्र0 उ0 वि0 निरीक्षक न0 शि0 अधि0 कुल प्रतिभागी–21 | सर्वशिक्षा अभियान में तथ्यपरक आंकडे संकलन करने हेतु दालगणना एवं सर्व सूचना प्रपत्रों के माध्यम से सूचना पर विचार विमर्श एवं नये सत्र में शत प्रतिशत नामांकन पर विचार विमर्श सर्व शिक्षा अभि0 के लक्ष्य एवं उददेश्यों पर गुणवत्ता पर एवं धारण पर चर्चा। सिविल वर्क की जानकारी रूचिपूर्ण शिक्षा पर चर्चा एवं शिक्षा में नवाचार सामुदायिक सहभागिता एवं गैर सरकारी संगठनों के सहयोग पर चर्चा । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2. | 5.7.2001 से 7.7.2001 | रूलेक देहरादून | निदेशक, संदर्भ व्यक्ति, जि0 बे0 शि0 अधिकारी, डायट प्राचार्य, एन0 जी0 ओ0 नगर शिक्षा अधिकारी, ए0 बी0 एस0 ए0 डायट प्रवक्ता संयुक्त शिक्षा निदेशक–60 | सर्वशिक्षा अभियान के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर, गुणवत्ता पर एवं धारण पर चर्चा। सिविल वर्क की जानकारी, रूचिपूर्ण शिक्षा पर चर्चा एवं शिक्षा में नवाचार, सामुदायिक सहभागिता एवं गैर सरकारी संगठनों के सहयोग पर चर्चा। |
| 3. | 6.8.2001 | डायट भीमताल | प्राचार्य, उपप्राचार्य वरिष्ठ प्रवक्ता, उप बे0 शि0 अ0, ए0 बी0 एस0, प्रति उ0 वि0 नि0, नगर शिक्षा अधिकारी, डायट प्रवक्ता एवं बी0 आर0 सी0 समन्वयक–42 | सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर चर्चा तथा 20 अगस्त तक आकंड़ों का संकलन करने हेतु निर्देश। |
| 4. | 10.8.2001 से 18.8.2001 | समस्त विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में। | बी0 ई0 सी0 सदस्य, अभिभावक, वार्ड सदस्य, जन प्रतिनिधि, सी0 डी0 एस0 पदाधिकारियों स0 बे0 शि0 अ0 तथा नगर शिक्षा अधिकारी की बैठक | सर्व शिक्षा अभियान को जन–2 तक पहुँचाना तथा समुदाय की सहभागिता। |
| 5. | 28.8.2001 से 1.9.2001<br>4.9.2001 से 8.9.2001<br>11.9.2001 से 15.9.2001 | एन0 एस0 डी0 ए0 आर0 टी0 मंसूरी | जि0बे0शि0अ0, उप बे0शि0अ0, स0 बे0शि0अ0, प्र0उ0वि0नि0, डायट प्रवक्ता, संदर्भ व्यक्ति। | जिला पर्स पेक्टिव प्लान निर्माण हेतु प्रशिक्षण। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6. | 20.9.2001 | कार्यालय जि0 बे0 शि0अ0 नैनीताल | एन0 एस0 डी0 ए0 आर0 टी0 से प्रशिक्षण प्राप्त सभी व्यक्ति, समस्त ए0बी0एस0 ए0, प्र0उ0वि0नि0, बी0आर0सी0 समन्वयक। | पर्स पैक्टिव प्लान हेतु प्रत्येक विद्यालय को सर्वेक्षण प्रपत्रों का वितरण एवं सर्वेक्षण प्रपत्रों की सूचनाओ पर विचार विमर्श, सर्वेक्षण में सामुदायिक सहभागिता, विशिष्ट समूहों हेतु कार्ययोजना पर चर्चा। |
| 7. | 24.9.2001<br><br>25.9.2001 | बी0आर0 सी0 धौलाखेड़ा,<br><br>टिक्कू मॉडर्न स्कूल हल्द्वानी | जिलास्तरी संदर्भ व्यक्ति (2) स0 दे0 शि अ0 खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख, नगरपालिका सदस्य ग्राम प्रधान बहुददेश्यी कर्मचारी बी0 आर0 सी0 एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयक जनप्रतिनिधि व वार्ड सदस्य | ग्राम स्तर, बस्ती स्तर, पर बैठकों के आयोजन पर चर्चा, प्रस्ताव लिखित रूप से जिला स्तर पर भेजने पर चर्चा, विशिष्ट क्षेत्रों वंचित क्षेत्रों को पहुंच हेतु व्यापक चर्चा । |
| 8. | 26.9.2001 | बी0 आर0 सी0 रामनगर, कोटाबाग | जिलास्तरीय संदर्भ व्यक्ति (2) स0 दे0 शि0 अ0 खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रनुख, ग्राम प्रधान बहुददेशीय कर्मचारी बी0 आर0 सी0 एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयक, जनप्रतिनिधि, नगर पालिका अध्यक्ष, वार्ड नेम्बर | ग्राम स्तर, बस्ती पर बैठकों के आयोजन पर चर्चा, बस्ती विशिष्ट छात्रों भौगोलिक विषमताओं युक्त क्षेत्रों वन क्षेत्रों में पहुंच दुर्गम स्थलों में शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यों एवं उददेश्यों पर चर्चा । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | 4.10.2001 | बी0 आर0 सी0 भीमताल एवं धारी | जिला स्तरीय संदर्भ व्यक्ति स0 बे0 शि0 अ0 खण्ड वि0 अधिकारी ब्लाक प्रमुख, ग्राम प्रधान बहुद्देश्यी कर्मचारी बी0 आर0 सी/ एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयक जनप्रतिनिधि जिला पंचायत | ग्राम तथा बस्ती स्तर पर बैठकों के आयोजन पर चर्चा विशिष्ट क्षेत्रों भौगोलिक विषमतओं से युक्त क्षेत्रों वन क्षेत्रों में पहुंच तथा दुर्गम स्थलों में शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा। सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यों उद्देश्यों पर चर्चा। |
| 10. | 4.10.2001<br><br>5.10.2001 | बी0आर0सी0 बेतालघाट<br><br>एन0पी0आर0सी0 रामगढ, खैरना | जिला स्तरीय संदर्भ व्यक्ति स0 बे0 शि0 अ0 खण्ड वि0 अधिकारी ब्लाक प्रमुख बहुउद्देशीय कर्मचारी बी0 आर0 सी0 / एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयक जनप्रतिनिधि जिला पंचायत, उप शिक्षा निदेशक श्री एन0 सी0 कवडवाल व श्रीमती रेनु पन्त तथा राज्य संदर्भ समूह के सदस्य। | ग्राम तथा बस्ती स्तर पर बैठकों के आयोजन पर चर्चा विशिष्ट क्षेत्रों भौगोलिक विषमताओं से युक्त क्षेत्रों, वन क्षेत्रों में पहुंच दुर्गम स्थलों में शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा, सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्यों, उददेश्यों पर चर्चा । |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11. | 4.10.2001 | बी0आर0सी0 ओखलाकांडा | जिला स्तरीय संदर्भ व्यक्ति स0 बे0 शि0 अ0 खण्ड वि0 अधिकारी ब्लाक प्रमुख ग्राम प्रधान बहुददेश्यीय कर्मचारी, बी0 आर0 सी0 / एन0 पी0 आर0 सी0 समन्वयक जनप्रतिनिधि जिला पंचायत। | ग्राम तथा बस्ती स्तर पर बैठकों के आयोजन पर चर्चा, विशिष्ट क्षेत्रों भौगोलिक विषमताओं से युक्त क्षेत्रों, वन क्षेत्रों में पहुंच दुर्गम स्थलों में शिक्षा व्यवस्थ पर चर्चा सर्वशिक्षा अभियान के लक्ष्यों उददेश्यों पर चर्चा |
| 12. | 6.10.2001 | नगर क्षेत्र नैनीताल पूर्व माध्यनिक विद्यालय मल्लीताल | नगर शिक्षा अधीक्षक ए0 बी0 एस0 ए0 वार्ड सदस्य अध्यापक | सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य तथा उद्देश्यों की चर्चा, विशिष्ट क्षेत्रों विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा तथा प्राथमिक शिक्षा की समस्याओं को चिन्हिकरण हेतु जन सहभागिता पर चर्चा । |

## 3.6 योजना निर्माण में वृहत्त बैठक का आयोजन

दिनांक 23 / 10 / 2001 को एन0एस0 डार्ट की टीम द्वारा जिलाधिकारी नैनीताल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों आदि के साथ बैठक आयोजित की गयी। सर्वप्रथम डॉ0 एस0 सी0 पोखरियाल, एन0 एस0 डार्ट मसूरी द्वारा सर्व शिक्षा योजना के लक्ष्य एवं उद्देश्यों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया तदुपरान्त उपस्थित विभिन्न शिक्षाविदों, जनप्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा आमंत्रित सुझावों पर विचार व्यक्त किये गये।

समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल द्वारा विचार व्यक्त किया गया कि सर्वशिक्षा अभियान के सम्बन्ध में प्रचार–प्रसार की अधिक आवश्यकता है। पूर्व में मूलभूत सुविधायें विकसित की गयी परन्तु गुणात्मक सुधार अपेक्षित रूप से नहीं हो पाया है। विद्यालयों में अध्यापकों की कमी है कुछ विद्यालय बन्द भी हो जाते हैं। प्रति विद्यालय 5 अध्यापकों की आवश्यकता वक्ता द्वारा बतलाई गयी। पर्वतीय क्षेत्रों में शिक्षा रोजगार के रूप में विकसित हुई है। अतः प्राथमिक स्तर से अंग्रेजी शिक्षण पर बल दिया गया।

उपाध्यक्ष जि0 पं0 नैनीताल द्वारा सर्व शिक्षा अभियान के पत्रक को, जो अंग्रेजी भाषा में वितरित किया गया था, हिन्दी में छपवाकर उपलब्ध करवाने का सुझाव दिया गया। उनके द्वारा पर्वतीय क्षेत्र की भौगोलिक प्रतिकूल परिस्थिति के अनुसार अध्यापक छात्र मानक को वर्तमान मानक से शिथिल कर 1:25 करने का सुझाव दिया गया। विद्यालयों के खुलने व बन्द होने के समय का अनुपालन नहीं होता है इसके लिए प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था ग्राम पंचायतों को स्थानान्तरित करने का प्रस्ताव भी रखा गया है।

प्रत्येक विद्यालय में क्रीडा मैदान, शौचालय, चाहरदीवारी, पेयजल सुविधा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का सुझाव भी उक्त प्रतिनिधि द्वारा दिया गया।

सभासद न0 पा0 हल्द्वानी द्वारा सुझाव दिया गया कि बच्चों को पाठ्य पुस्तकें माह जुलाई के प्रथम सप्ताह में अवश्य वितरित कर दी जाएं। विद्यालयों के निरीक्षण का अधिकार वार्ड सदस्यों को दिये जाने का भी प्रस्ताव उनके द्वारा रखा गया।

ओखलकांडा ब्लाक प्रमुख ने अवगत किया कि ओखलकांडा क्षेत्र में अध्यापकों की कमी है। बी.ई.पी. की कमियों को ध्यान में रखकर वर्तमान सर्व शि0 अ0 योजना बनाई जाय ताकि इसमें कोई कमी न रह जाय।

नगर पालिका अध्यक्ष हल्द्वानी द्वारा पू0 मा0 स्तर पर कम्प्यूटर की शिक्षा देने पर बल दिया गया। नगर क्षेत्र के जीर्ण–क्षीर्ण भवनों की मरम्मत हेतु मांग की गयी।

ब्लाक प्रमुख रामनगर द्वारा अध्यापकों को शिक्षण कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों में योजित न करने का प्रस्ताव रखा गया। इसके अतिरिक्त अध्यापकों के असंतुलित वितरण को ठीक किये जाने की आवश्यकता इंगित की। आंगनवाड़ी केन्द्रों की कार्यकर्त्रियों के मानदेय वृद्धि, पेयजल देयकों के भुगतान की व्यवस्था करने का प्रस्ताव रखा गया।

ग्राम प्रधान देवीधूरा द्वारा सभी बच्चों के अनिवार्य स्वास्थ्य परीक्षण का सुझाव दिया गया। वी. ई. सी. को सक्रिय किये जाने तथा विद्यालयों के नियमित निरीक्षण का प्रस्ताव भी रखा गया।

# सर्व शिक्षा अभियान 2001–2010
## नियोजन आरेख



अध्याय – 4

# सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य, उद्देश्य तथा जनपद के परिपेक्ष्य में विवेचना

सर्व शिक्षा अभियान एक ऐसा कार्यक्रम है जिसमें सामुदायिक सहभागिता द्वारा गुणवत्ता परक प्रारम्भिक शिक्षा को सर्व सुलभ बनाने के लिए निश्चित समय सीमा के अन्तर्गत योजना निर्धारित की गयी है। यह अनियान बुनियादी शिक्षा के माध्यम से सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने का एक अवसर प्रदान करता है। सर्व शिक्षा अभियान पंचायती राज संस्थाओं, स्कूल प्रबन्ध समितियों वार्ड/ग्राम तथा स्लम स्तरीय शिक्षा समितियों, अभिभावक शिक्षक संघों, मातृ शिक्षक संघों तथा स्वायत परिषदों को प्राथमिक शिक्षा के प्रबन्धन में प्रभावी ढंग से शामिल करने का एक प्रयास है। यह अभियान केन्द्र, राज्य सरकार और स्थानीय शासन व समुदाय की समर्पित भागीदारी से संचालित योजना है।

## 4.1 सर्व शिक्षा अभियान के लक्ष्य

सर्व शिक्षा अभियान का उद्देश्य वर्ष 2010 तक 6 से 14 वय वर्ग के सभी बच्चों को उपयोगी एवं लाभदायक प्रारम्भिक शिक्षा उपलब्ध कराने का है। इसके अतिरिक्त सामाजिक, क्षेत्रीय तथा लैंगिक विषमताओं को दूर करना, बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाना, उन्हें पूर्ण समय तक विद्यालय में बनाये रखना तथा उन्हें गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्राप्त करने में सम्पूर्ण समुदाय की भूमिका निश्चित करना इस अनियान का प्रमुख लक्ष्य है।

## 4.2 सर्व शिक्षा अभियान के उद्देश्य

1. सभी बच्चों का वर्ष 2003 तक शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश कराना।
2. प्रवेश लिए हुए सभी बच्चों का वर्ष 2007 तक कक्षा 5 तक की प्राथमिक शिक्षा पूरी करना।
3. सभी बच्चों का वर्ष 2010 तक कक्षा 8 तक की प्रारम्भिक शिक्षा पूरी करना।
4. गुणवत्ता पर बल दिया जाय जो बच्चों के लिए जीवनोपयोगी सिद्ध हो।
5. प्रवेश लिए हुए सभी बच्चे बीच में विद्यालय न छोडे।

6. शिक्षा के माध्यम से बालक/बालिका एवं सामाजिक ऊँच–नीच का भेदभाव दूर करना।

## 4.3 जनपद का उद्देश्य

1. प्रारम्भिक शिक्षा के प्रचार एवं प्रसार में समुदाय की अधिकतम सहभागिता प्राप्त कर उन्हें प्राथमिक शिक्षा से जोड़ना तथा विद्यालय प्रबन्धन हेतु ग्राम शिक्षा समिति नगर/वार्ड शिक्षा समितियों को प्रभावी बनाना।

2. बालिकाओं एवं वंचित वर्ग के बच्चों के लिए विशेष वातावरण का सृजन कर शत–प्रतिशत प्रवेश तथा ठहराव की अवधारणा को प्राप्त करना।

3. विभिन्न विभागों से सामंजस्य बैठाकर उनका अधिकतम लाभ प्राथमिक शिक्षा के विकास हेतु लेना।

4. शिक्षक/छात्रों के पारस्परिक सम्बन्ध, शिक्षक/अभिभावक समिति, ग्राम शिक्षा समिति, नगर वार्ड शिक्षा समिति, यू0आर0सी0वी0आर0सी0, एन0पी0आर0सी0, सी0आर0सी0, डब्लू0आर0सी0 व निरीक्षक वर्ग के बीच पारस्परिक समन्वय द्वारा शैक्षिक उन्नयन हेतु कार्य करना।

5. शैक्षिक सम्प्राप्ति हेतु शिक्षकों के शिक्षण कौशल का विकास करना।

6. असेवित क्षेत्रों/विशेष-समूह हेतु शैक्षणिक सुविधाओं का विकास करना।

7. वर्तमान शैक्षिणक सुविधाओं में वृद्धि करना तथा संस्थाओं (डायट, बी0आर0सी0, यू0आर0सी0, एन0पी0आर0सी0 सी0आर0सी0, डब्लू0आर0सी0) का सुदृढ़ीकरण करना है।

8. एन0ई0आर0 में आवश्यक वृद्धि लाना।

## 4.4 जनपद के मुद्दे

1. विकलांग (मूक व बधिर) बच्चों के शिक्षण की व्यवस्था जनपद में संचालित सी0बी0एस0सी0 द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था वीरशिवा हल्द्वानी में प्रवेश दिलाने का प्रयास किया जाना इस अभियान में प्रस्तादित है।

2. स्वास्थ्य विभाग के समन्वयन से दृष्टिहीन, कम श्रवण क्षमता वाले, मन्द बुद्धि तथा हाथ–पांव से विकलांग बच्चों के लिए चिकित्सा सुविधा तथा आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने की व्यवस्था किया जाना प्रस्तावित है।

3. हल्द्वानी, रामनगर तथा कोटाबाग विकास खण्डों में कूड़ा बीनने वाले तथा अन्य समुदाय के बच्चे जो विद्यालय से बाहर हैं। उनके लिए ए0आई0ई0 केन्द्रों की व्यवस्था प्रस्तावित की गयी है।

4. जनपद के ओखलकांडा, धारी, देतालघाट, कोटाबाग तथा हल्द्वानी क्षेत्रों में आई0सी0डी0एस0 द्वारा संचालित बाल विकास परियोजनाऐं नहीं हैं जिससे निर्धन परिवारों के बच्चे जिनमें मुख्यतया बालिकाऐं हैं अपने छोटे भाई–बहिनों की देखरेख में लगी होने के कारण विद्यालयी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पा रहीं हैं। इसके लिए उपरोक्त क्षेत्रों में आंगनवाडी केन्द्रों को प्रस्तावित किया गया है।

5. सामान्यतया जनपद नैनीताल में विद्यालयों में पहुँच तथा धारण की समस्या न्यून है बेसिक शिक्षा में मुख्य समस्या शैक्षिक गुणवत्ता सन्वर्द्धन की है इसके लिए अध्यापकों को प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था, सानुदायक सहभागिता हेतु एम0टी0ए0, पी0टी0ए0 तथा बी0ई0सी0 को प्रभावी बनाये जाने की आवश्यकता है इसके लिए आवश्यक प्रशिक्षणों को प्रस्तावित किया गया है।

6. अध्यापकों की अभिरूचि विद्यालयी कार्यों के प्रति जागृत करने के लिए यह आवश्यक है कि उनकी समस्याओं का त्वरित निदान विकास खण्ड स्तर पर किया जाय। इसके लिए प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकरों का विकेन्द्रीकरण विकास खण्ड स्तर तथा विद्यालय स्तर पर किया जाना प्रस्तावित है ताकि विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता का विकास हो सके।

7. वर्तमान में लगभग 100 विद्यालयों पर एक निरीक्षक का प्राविधान है जो विद्यालयी निरीक्षण के लिए उपयोगी नहीं है। निरीक्षण को प्रभावी बनाने के लिए प्रस्ताव किया गया है।

8. विगत दीर्घ अवधि से परिषदीय विद्यालयों में कक्षा 5 व 8 की सार्वजनिक परीक्षा न होने से शैक्षिक स्तर में गिरावट आयी है इसके सुधार के लिए नियमित रूप से कक्षा 5

व 8 की सार्वजनिक परीक्षा को प्रस्तावित किया गया है। अनुत्तीर्ण छात्रों के लिए परीक्ष
सुधार व्यवस्था भी प्रस्तावित की गयी है।

9. पूर्व माध्यमिक स्तर पर कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था भी प्रस्तावित की गई है ताकि उ
प्रा0 वि0 वर्तमान में चल रहे सुविधा सम्पन्न विद्यालयों के ~~क्रम में~~ समतुल्य आ सकें।

10. जनपद के 44 एन0 पी0 आर0 सी0 तथा 10 सी0 आर0 सी0 में प्रत्येक एक प्राथमिक
व उच्च प्राथमिक विद्यालय को मानक विद्यालय के रूप में विकसित करने का प्रस्ता
किया गया है ताकि समीपवर्ती अन्य विद्यालयों में प्रतिस्पर्द्धा का विकास हो सके।

11. एन0 पी0 आर0 सी0 व सी0 आर0 सी0 स्तर पर अध्यापकों के शिक्षण उन्नयन के लि
5–5 अध्यापकों को पुरस्कृत करने हेतु सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित किया गया है
तथा शिथिल शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापकों को चिन्हित किया जाना भी प्रस्तावि
किया गया है।

# जपनद : नैनीताल
# वर्ष 2001 - 2002 में प्रस्तावित कार्यक्र
## (अध्याय - 5)
## योजना क्रियान्वयन की कठिनाइया एवं उन
## निवारण हेतु प्रस्ताव

शिक्षा गांरटी केन्द्र :-

मानक के अनुसार एंसी बस्तियाँ जिनमें नवीन प्राथमिक विद्यालयों को खोलना सम्भव नहीं है, ऐसी बस्तियों में विद्यालय ना आने वाले बच्चों के लिए बेसिक शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत 39 शिक्षा घरों की स्थापना की गई थी और शिक्षा घरों में नामांकित बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ा गया था। बेसिक शिक्षा परियोजना की सामप्ति के उपरान्त ये केन्द्र बंद कर दिये गये थे। जनपद में विकास खण्ड ओखलाकाण्ड,रामगढ़,बेतालघाट तथा रामनगर में कुल 181 अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र भी खोले गये थे। मार्च 2001 में अनौपचारिक शिक्षा परियोजना की समाप्ति के पश्चात् उक्त केन्द्र बंद कर दिये गये हैं। इन केन्द्रों के बंद होने से विद्यालय न जाने वाले बच्चों हेतु सर्वशिक्षा योजना के अर्न्तगत 52 असेवित बस्तियों में से 20 शिक्षा गारण्टी केन्द्र वर्ष 2001 – 2002 में खोलने हेतु प्रस्तावित किये गये हैं।

धारण :-

(1) अतिरिक्त कक्षा कक्ष :-

बेसिक शिक्षा परियोजनान्तर्गत वर्ष 1993–94 से दिसम्बर 2000 तक कुल 194 अतिरिक्त कक्षा कक्षों का निर्माण किया गया था। विकासखण्डवार विवरण तालिका में दिया गया है। स्कूल चलो अभियान एंवम् बाल पोषाहार योजना के फलस्वरूप छात्र संख्या में वृद्धि हाने से विद्यालयों में कक्षा – कक्षों की निरन्तर आवश्यकता बढ़ती जा रही है। वर्तमान समय में जनपद में 164 प्राथमिक तथा 12 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कुल 176 विद्यालयों में अतिरिक्त कक्षा कक्षों की आवश्यकता है। वर्ष 2001–2002 में 50 अतिरिक्त कक्षा कक्षों की मांग सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत प्रस्तावित की गई है।

(2) अतिरिक्त अध्यापकों की मांग :-

बेसिक शिक्षा परियोजना अवधि नगर में नगर क्षत्रों में नियुक्ति पर प्रतिबन्ध होने के कारण अध्यापकों की व्यवस्था नहीं की जा सकी । छात्र संख्या में वृद्धि के फलस्वरूप मानके के अनुसार 65 सहायक अध्यापकों की आवयकता है सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत इन 65 सहायक अध्यापकों के पदों की पूर्ति करने हेतु 65 शिक्षा मित्रों की मांग की गई है। बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत वर्ष 1999–2000 में खुले नवीन प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा दशम्वित्त आयोग के अन्तर्गत खुले विद्यालयों में प्रधान अध्यापकों के पद सृजितनही है। सर्व शिक्षा योजना के अन्तर्गत इन पदो के लिए धनराशि की मांग प्रस्तावित है।

शौचालय :–

बेसिक शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत जनपद में वर्ष 1993 – 94 से वर्ष 2000 तक कुल 511 प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों मे शौचालयों की व्यवस्था की गई । उक्त के अतिरिक्त वर्तमान समय में 201 प्राथमिक, 44 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कुल 245 शौचालयों की आवश्यकता है जिनमें से 37 प्राथमिक, एवं 5 उच्च प्राथमिक कुल 42 शौचालयों की नगर क्षेत्र के विद्यालयों में आवश्यक सम्मिलित हैं। बेसिक शिक्षा के परियोजनान्तर्गत नगर क्षेत्र में शौचालयों की व्यवस्था नहीं की गई थी। 2001 – 2002 में सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत 50 विद्यालयों में शौचालय निर्माण किया जाना प्रस्तावित है।

(4) पुर्न निर्माण :–

जनपद के अन्तर्गत 34 प्राथमिक विद्यालयों में पुनः निर्माण की आवश्यकता है। वर्ष 2001–2002 में 12 प्राथमिक विद्यालयों का पुर्ननिर्माण प्रस्तावित किया गया है।

मरम्मत :–

सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत 406 प्राथमिक एंव 94 उच्च प्राथमिक विद्यालय, कुल 500 विद्यालयों की मरम्मत का कार्य किया गया । ऐसे विद्यालय जिनका निर्माण कार्य कई वर्ष पूर्व हो चुका था और क्षरण प्रक्रिया के चलते रहने से वर्तमान में 149 प्राथमिक तथा 54 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में लघु मरम्मत तथा 34 प्राथमिक एवं 6 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में वृहत्त मरम्मत की आवश्यकता है जिनमें से वर्ष 2001 – 2002 में 50, विद्यालयों को सर्वशिक्षा अभियान योजना में मरम्मत हेतु प्रस्तावित किया गया है।

(5) विद्यालय अनुदान :–

बेसिक शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत विद्यालयों को आकर्षित बनाने हेतु प्रतिवर्ष रूपया 2000/– प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक का प्रवधान था । बेसिक शिक्षा परियोजना के समाप्त होने के फलस्वरूप विद्यालयों में सौन्दर्यकरण प्रक्रिया को निरन्तर बनाये रखने हेतु वर्ष 2001 – 2002 में प्रत्येक प्राथमिक एंव उच्च प्राथमिक विद्यालयों हेतु रूपया 2000/– की दर से सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत प्रस्तावित किया गया है।

(6) कार्यानुभव :–

बेसिक शिक्षा परियोजनान्तर्गत जनपद के दो विकास खण्डों में क्रमशः रामगढ़ व हल्द्वानी के कवल एक –एक कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सिलाई व मोमबत्ती निर्माण कार्यानुभव के अर्न्तगत किया गया। जो कि पाइलट प्रोजेक्ट के रूप में किया गया था । इस योजना के द्वारा बालिकाऐं व्यवसायिक शिक्षार्जन करते हुए निर्मित माल को विक्रय कर प्राप्त धनराशि से स्वंय आय अर्जित कर रही थी। इससे बालिकाओं में आत्मनिर्भरता व विद्यालयों शिक्षा ग्रहण करने की प्रवृत्ति भी बढ़ रही थी। उक्त योजना के महत्व को जनपद के महत्व को समझते हुऐ जनपद की कुल 20 कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यानुभव योजना वर्ष 2001 – 2002 में प्रस्तावित की गई है।

(7) ई0सी0सी0ई0 केन्द्रः—

बेसिक शिक्षा परियोजनार्न्तगत जनपद के तीन विकास खण्डों में क्रमशः रामनगर भीमताल तथा रामगढ़ में कुल 100 ई0सी0सी0ई0 केन्द्र खोले गये थे। ये केन्द्र बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित केन्द्रों से चयनित किये गये थे तो प्राथमिक शिक्षा के लिए एक कड़ी के रूप में कार्य कर रहे थे। इनके संचालन से ऐसे बच्चे जो अपने छोटे भाई – बहिन की देख – रेख के कारण विद्यालय में प्रवेश नहीं ले प्रा रहे थे, उनकी विद्यालयों में नांमकन की और रूचि बढ़ी। वर्तमान में उपरोक्त विकासखण्डों में कुल 232 आँगनवाड़ी केन्द्र बाल विकास परियोजना आई0सी0डी0एस0 द्वारा संचालित हैं। इसमें वर्ष 2001 – 2002 में 50 केन्द्रों का चयन कर आई0सी0सी0ई0 केन्द्र स्थापित किया जाना सर्वशिक्षा अभियान में प्रस्तावित हैं। वर्तमान में उपरोक्त आँगनवाड़ी केन्द्रों के लिए कोई विभागीय भवन का प्रविधान नहीं है।

सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत चयनित ई0सी0सी0ई0 केन्द्र के निकटस्थ प्राथमिक विद्यालयों में एक अतिरिक्त कक्षा – कक्ष प्रस्तावित है। इसके अतिरिक्त बच्चों हेतु खिलौने, खेल सामग्री , साज सज्जा का प्राविधान इस योजना के अर्न्तगत प्रस्तावित है। अन केन्द्रों का समय सेवित क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय के समयानुसार ही निर्धारित करते हुऐ अतिरिक्त समय के लिऐ कार्यकर्त्ता व सहायिका को अतिरिक्त मनोदय का प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त इनके लिऐ ई0सी0सी0ई0 प्रशिक्षण कार्यक्रम भी प्रस्तावित है।

(8) सामुदायिक सहभागिता :—

सर्व शिक्षा अभियान के अर्न्तगत योजना लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु समुदाय की सहभागिता हेतु निम्न कार्यक्रम प्रस्तावित है।

(1) एम0टी0ए0/पी0टी0ए0 का गठन :—

वर्तमान समय में विद्यालय स्तर पर ग्राम शिक्षा समिति का गठन किया गया है। समुदाय की सहभागिता को विस्तृत करने के लिऐ प्रत्येक ग्राम सभा में एम0टी0ए0/पी0टी0ए0 का गठन प्रस्तावित है। बालिका शिक्षा के न्यून प्रतिशत वाली ग्रामसभा में एम0टी0ए0 का गठन किया जाना प्रस्तावित है तथा 1000 सदस्यों के मासिक बैठक हेतु धनराशि का प्रविधान सर्व शिक्षा के अर्न्तगत किया गया है।

(2.) कला जत्था :—

विद्यालय में ना आने वाले बच्चों एंवम् शालात्यागी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु नुक्कड़ नाटक , कला , भाषण, वाद – विवाद, लेखन आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन विद्यालय व संकुल स्तर पर किया जाना सर्व शिक्षा अभियान में प्रस्तावित किया गया है।

(9) स्वास्थ्य परिक्षण :—

बेसिक शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत प्राथमिक एवम् उच्च प्राथमिक विद्यालयों में अध्ययनरत

छात्र/छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण का प्राविधान गया था। गत वर्ष जनपद में 72,257 छात्र/छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण यिा गया । जिसमें 131 गम्भीर रोगी, 1306 कम गम्भीर तथा 10869 साधारण गम्भीर पाये गये। सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत वर्ष 2001 – 02 में भी 600 विद्यालयों में छात्र/छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण का प्रविधान किया जाना प्रस्तावित है।

(10) बैंक बुक पुस्तकालय :–

बेसिक शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड में 6–6 सामुदायिक पुस्तकालय खेाले गये थे जिसका संचालन संम्बन्धित विद्यालय के अध्यापकों द्वारा किया जाता है। इन पुस्तकालयों में छात्र/छात्राओं, शिक्षकों एंव समुदाय के लागों को लाभ प्राप्त हो रहा है। इन पुस्तकालयों को ओर सशक्त बनाने हेतु सर्वशिक्षा अभियान के अर्न्तगत प्राविधान किया जा रहा है। वर्तमान समय में जनपद के 8 विकास खण्डों में कुल 48 पुस्तकालय संचालित है।

गुणवत्ता सम्बर्द्धन :–

(1) प्रशिक्षण कार्यक्रम :–

बेसिक शिक्षा परियोजना के अर्न्तगत जनपद में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण किये गये जैसे :–

- सेवारत प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर
- भाषा प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर
- भाषा अनुपूरक प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर
- गणित प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर
- पर्यावरणीय अध्ययन प्रशिक्षण प्राथमिक स्तर
- गणित प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक स्तर
- विज्ञान प्रशिक्षण उच्च प्राथमिक स्तर
- विजिनिंग कार्यशाला
- संदर्भदाता प्रशिक्षण
- ई0 सी0 सी0 ई0 कार्यकर्त्री प्रशिक्षण
- ग्राम शिक्षा समिति प्रशिक्षण
- शिक्षण अधिगम सामग्री निर्माण प्रशिक्षण
- अनौपचारिक शिक्षा अनुदेशको का प्रशिक्षण (शिक्षाधर)
- कार्यानुभव प्रशिक्षण
- शैक्षिक सपोर्ट कार्यशाला (विद्यालयों की गुणवत्ता/श्रेणीकरण हेतू)

उपरोक्त प्रशिक्षण के द्वारा शिक्षको में नवीन विधा के अनुसार शिक्षण कार्य किया जाना, बाल केन्द्रित शिक्षण कार्य, खेल के द्वारा शिक्षण तथा सहायक सामग्री के निर्माण व प्रयोग द्वारा शिक्षण करने की प्रवृत्ति का

विकास किया गया। छात्र–छात्राओं में कक्षावार न्यूनतम अधिगम स्तर के विकास पर भी विशेष प्रयासकिया गया। सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2001–2002 में निम्न प्रशिक्षण प्रस्तावित है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | संदर्भदाता प्रशिक्षण | – | 10 दिन |
| 2 | यू0 आर0 सी0/बी0 आर0 सी0 समन्वयको का प्रशिक्षण | – | 10 दिन |
| 3 | सी0 आर0 सी0 समन्वयको का प्रशिक्षण | – | 10 दिन |
| 4 | स0 बे0 शि0 अ0/नगर शिक्षा अधिकारी/प्र0उ0वि0नि0 प्रशिक्षण | – | 5 दिन |
| 5 | ए0 ई0/जे0 ई0 का निर्माण कार्य सम्बन्धी प्रशिक्षण | – | 3 दिन |
| 6 | ई0 सी0 सी0 ई0 प्रशिक्षण | – | 5 दिन |

(2) शिक्षण अधिगम सामग्री :–

अध्यापक अनुदान :–

बेसिक शिक्षा के अन्तर्गत प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत समस्त अध्यापकाओं को रू0 500 प्रतिवर्ष अध्यापक अनुदान के रूप में दिया जा रहा था। जिसका प्रयोग शिक्षण के लिए विषय वस्तु पर आधारित सहायक सामग्री का निर्माण अध्यापक द्वारा तथा बच्चों के सहयोग से किया जाता है, जो बिना मूल्य या न्यूनतम लागत की सामग्री होती है। जनपद में राकीय हाईस्कूल तथा इन्टरकालेज जिनमें कक्षा 6 से 8 तक के वच्चे शिक्षण प्राप्त कर रहे है उन बच्चों के लिए भी शिक्षण अधिगम सामग्री के निमार्ण की आवश्यकता महसूस की गयी है। सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2001–2002 में प्राथमिक/उच्च प्राथमिक तथा राजकीय हाईस्कूल तथा इन्टर कालेजो में कक्षा 1से 8 तक शिक्षण कर रहे अध्यापकों हेतु अध्यापक अनुदान का प्राविधान किया गया है।

(3) निःशुल्क पाठ्य पुस्तक :–

सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति के समस्त वालक बालिका तथा सामान्य वर्ग की बालिकाओं के लिए निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का प्राविधान वर्ष 2001–2002 में सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जा रहा है।

ब्लॉक संसाधन केन्द्र :-

वेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत जनपद के 8 विकास खण्डों में ब्लाक संसाधन केन्द्रों का निर्माण किया गया था। इन केन्द्रों पर बी0 आर0 सी0 समन्वयक, एक सहायक समन्वयक तथा सहायक समन्वयक तथा एक चौकीदार की व्यवस्था की गई ब्लाक संसाधन के निम्न कार्य है:–

1. विकासखण्ड के अन्तर्गत समस्त एन0 पी0 आर सी0 की प्रत्येक माह वैठक कराना तथा उन्हें शैक्षिक स्पोर्ट देना।
2. विकासखण्ड स्तर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण की व्यस्था करना।

3. शैक्षिक स्पोर्ट हेतु प्रत्येक माह गणित कोर टीम की बैठक कराना।

4. एन0 पी0 आर0 सी0 से प्राप्त आख्याओं का विश्लेषण करना तथा समस्याओं का समाधान करना।

5. विकास खण्ड के अन्तर्गत कार्ययोजना तैयार करना तथा उसका क्रियान्वयन करना।

6. विकासखण्ड स्तर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराना।

## सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत वर्ष 2001-2002 में निम्न कार्यक्रम बी0 आर0 सी0 स्तर पर प्रस्तावित हैं। :-

1. निर्माण कार्य :-

(अ) जनपद में बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत ब्लाक संसधान केन्द्रो का निर्माण कार्य किया गया। लेकिन नगर क्षेत्रों में कोई निर्माण योजना नहीं थी। सर्वशिक्षा योजना में तीन नगर क्षेत्रों में तीन यू0 आर0 सी0 का निर्माण कारी का प्राविधान किया जा रहा हैं बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत

(ब) अतिरिक्त कक्ष :- प्रत्येक बी0 आर0 सी0 तथा यू0 आर0 सी0 में पुस्तकालय हेतु अतिरिक्त कक्ष का निर्माण सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जाना प्रस्तावित हैं।

2. वेतन समन्वय/ सह समन्वयक एवं चौकीदार :-

बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत वी0 आर0 सी0 पर समन्वयक, सह-समन्वयक एवं चौकीदार की व्यवस्था की गई है। विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न प्रकार की सूचनाओं के संकलन हेतु स0वे0शि0 अधिकारी के अधीन किसी सहायक की व्यवस्था न होने के कारण प्रत्येक ब्लाक संसाधन केन्द्र में एक सहायक समन्वयक का प्राविधान किया गया है तथा प्रत्येक यू0 आर0 सी0 में एक समन्वयक, दो सह-समन्वयक तथा एक चौकीदार का प्राविधान किया गया है।

3. उपकरण एवं फर्नीचर :-

बेसिक शिक्षा परियोजना के अन्तर्गत ब्लाक संसाधन केन्द्र में विभिन्न उपकरण दिये गये। यू0 आर0 सी0 के लिए उपकरण तथा फर्नीचर का प्राविधान किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बेसिक शिक्षा परियोजना में जो उपकरण बी0 आर0 सी0 स्तर पर उपलब्ध नहीं कराये गये है उनके लिए धनराशि का प्राविधान सर्वशिक्षा अभियान के अन्तर्गत किया जा रहा है।

फोटो कॉपियर :- विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न प्रकार की सूचनाओं को संकुल एवं विद्यालय स्तर पर पहुचाने हेतु बी0 आर0 सी0 तथा यू0 आर0 सी0 हेतु फोटो कॉपियर का प्राविधान सर्वशिक्षा अभियान में किया गया है।

यात्रा भत्ता :- जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा जिला परियोजना कार्यालय में प्रतिमाह बैठक में प्रतिभाग करने तथा विद्यालयों के वीक्षण हेतु वी0 आर0 सी0/यू0 आर0 सी0 में यात्रा भत्ता का प्राविधान प्रस्तावित हैं।

उपकरणो की मरम्मत :– वी आर0 सी0 में उपलब्ध उपकरणों की मरम्मत हेतु धनराशि का प्राविधान बेसिक शिक्षा परियोजना की तरह ही सर्वशिक्षा अभियान में भी प्रस्तावित किया जाता गया है।

